


## आदित्य सील और अनुष्का रंजन की 21 नवंबर को होने जा रही है शादी?

फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से मशहूर हुए एक्टर आदित्य सील पिछले काफी समय से मॉडल और एक्ट्रेस अनुष्का रंजन के साथ रिलेशनशिप में हैं। लगता है कि अब यह कपल अपने रिलेशनशिप को अगली स्टेज पर ले जा रहा है। कुछ न्यूज रिपोर्ट की मानें तो जल्द ही आदित्य और अनुष्का शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। खबरों की माने तो अनुष्का और आदित्य की शादी 21 नवंबर को होने जा रही है। कहा जा रहा है कि शादी के लिए दूल्हा-दुलहन के कपड़े तैयार हो गए हैं और दोनों की फैमिली भी शादी की तैयारियों में लग गई है। आदित्य और अनुष्का की यह शादी पूरे कोविड प्रोटोकॉल्स को ध्यान में रखकर की जाएगी। अभी पता नहीं चला है कि यह शादी कहां होने वाली है। आदित्य और अनुष्का की मुलाकात लगभग 4 साल पहले हुई थी। आदित्य ने बताया था कि वह एक फंक्शन में गए थे जिसे अनुष्का की फैमिली ने होस्ट किया था। तभी इन दोनों की पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद कुछ ही समय बाद दोनों रिलेशनशिप में आ गए। इसी साल आदित्य अपने नए घर में भी शिफ्ट हुए हैं। यह घर उसी बिल्डिंग में है जहां अनुष्का अपनी फैमिली के साथ रहती हैं। आदित्य का कहना है कि उनकी मां और परिवार भी अनुष्का को काफी पसंद करते हैं।

## केबीसी 13 में टूटीं फ्लर्ट करने की सारी हदें, अमिताभ बच्चन बोले-बंद कीजिए शो

बॉलिवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन आजकल अपने क्विज शो श्कौन बनेगा करोड़पति 13 के कारण लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस गेम शो में आने वाले कंटेस्टेंट के साथ अमिताभ बच्चन खूब मजे लेते हैं। लेकिन हाल में इस गेम शो में आईं एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से ही फ्लर्ट करने लगीं जिसके बाद बिग बी ने शो के प्रड्यूसर से शूटिंग रोकने की बात कही। इस एपिसोड का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में अमिताभ बच्चन कंटेस्टेंट नम्रता शाह के नेकलेस की तारीफ कर रहे हैं। इसके बाद नम्रता और अमिताभ के बीच मजेदार फ्लर्ट होने लगता है। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं, प्रड्यूसर जी, यह कार्यक्रम बंद करो, मुझे नम्रता जी के साथ चाय पीने जाना है। एक अन्य प्रोमो में दो और कंटेस्टेंट्स के अलावा नम्रता भी नजर आ रही हैं। इसमें नम्रता तेजी से घूमकर डांस करती नजर आ रही हैं। अमिताभ बच्चन उनसे पूछते हैं, श्इतनी बार घूमना पड़ता है, चक्कर नहीं आता। इसके जवाब में वह कहती हैं, नजर एक जगह पर टिकी हो तो चक्कर कभी नहीं आते।

## मालदीव को भुला नहीं पा रही हैं जान्हवी कपूर, फिर बिकिनी में शेयर किया वीडियो



जान्हवी कपूर अपनी फिल्मों में काफी बिजी रहती है लेकिन इसी के साथ वह सोशल मीडिया पर भी खूब ऐक्टिव रहती हैं। जान्हवी कपूर के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किए जाते हैं। अब जान्हवी ने अपना एक पुराना वीडियो शेयर किया है जो उनकी मालदीव वकेशंस का है। इस वीडियो में जान्हवी कपूर बिकिनी में नजर आ रही हैं। जान्हवी ने इस स्लो मोशन वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है, मन से यहां हूं। इस वीडियो में जान्हवी मालदीव में सिल्वर कलर के चमकीले स्विमसूट में पानी में इंजॉय करती नजर आ रही हैं। फैन्स भी जान्हवी के इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो जान्हवी पिछली बार राजकुमार राव के साथ फिल्म रूही में नजर आई थीं। अब जान्हवी कपूर फिल्म गुड लक जेरी में नजर आएंगी। इसके अलावा जान्हवी कपूर करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 में भी काम कर रही हैं।

# कहीं मंदिर तो कहीं पूजा, जब सोनू सूद को लोगों ने सिर आंखों पर बैठाया

## ..आज क्यों कहा जा रहा टैक्स चोर?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन में एक्टर सोनू सूद ने जो किया, उसने पूरी दुनिया में उनका कद और भी ऊंचा कर दिया। देश की जनता ने उन्हें रियल लाइफ हीरो बना दिया। स्थिति ऐसी थी कि जब सोनू सूद को कोरोना हुआ तो लोग भगवान की तस्वीर के बगल में उनकी तस्वीर रखकर पूजा करने लगे। और तो और, तेलंगाना में लोगों ने सोनू सूद के नाम पर मंदिर तक बनवा दिया और उनकी मूर्ति भी लगा दी थी।*

ऐसे में अब जब सोनू सूद पर टैक्स चोरी के आरोप लगे हैं, तो फैन्स हैरान हैं। उनका मानना है कि जिस इंसान ने निस्वार्थ भाव से मदद की, उसी के साथ ऐसे-कैसे? सोशल मीडिया पर सोनू सूद को लेकर लोग लगातार रिऐक्ट कर रहे हैं और नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। बता दें कि आयकर विभाग ने हाल ही सोनू सूद के 6 ठिकानों का सर्वे करने के बाद उन पर 20 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी का आरोप लगाया है।

**आईटी विभाग और सोनू सूद का क्या है कहना?**

आईटी अधिकारियों का कहना था कि बीते साल जुलाई में बने सोनू सूद चैरिटी फाउंडेशन में करीब 17 करोड़ रुपये ऐसे ही पड़े हुए हैं। थ्ब्त् नियमों का उल्लंघन करते हुए फाउंडेशन ने विदेशों से करीब 2.1 करोड़ रुपये जमा किए। लेकिन सोनू सूद का कहना है कि उनके खाते में एक भी पैसा गलत तरीके से नहीं आया है। जो भी पैसा उनके पास मौजूद है, वह सब लोगों की मदद के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

**प्रवासी मजदूरों का वो दर्द, उड़ गई सोनू सूद की नींद**

कोरोनावायरस के कारण लगे लॉकडाउन में अगर किसी ने सबसे ज्यादा मार और दुख झेला तो वह हैं प्रवासी मजदूर। साल 2020 में जब लॉकडाउन लगने के बाद सबकुछ बंद हो गया। काम-धंधा ठप हो गया और बॉर्डर तक सील हो गए तो प्रवासी मजदूर पैदल ही अपने आशियानों



की तरफ लौटने को मजबूर हो गए। पैदल निकले प्रवासी मजदूरों की तस्वीरों और वीडियो ने मन को बुरी तरह द्रवित कर दिया था। जहां लोग चैन से अपने घरों में सोए हुए थे, वहीं उन प्रवासी मजदूरों, महिलाओं और बच्चों को हजारों किलोमीटर पैदल चलते देख सोनू सूद की नींद ही उड़ गई थी। वह रात को सो नहीं पाते थे। तभी उन्होंने फैसला कर लिया था कि वह प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाएंगे। बस फिर सोनू सूद ने अपनी एक टीम बनाई और लोगों की मदद में जुट गए। उन्होंने हजारों प्रवासी मजूदरों को बसों और खाने-पीने की व्यवस्था करके उनके घर पहुंचाया।


**12 साल की बच्ची के लिए बनाया घर**

सोनू सूद के उस जेस्चर ने लोगों का दिल जीत लिया था जब उन्होंने पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक 12 साल की बच्ची की मदद की। क्रिस्टी छेत्री नाम की उस लड़की के लिए सोनू सूद ने ऐसा काम किया था कि सोशल मीडिया पर वाहवाही होने लगी। क्रिस्टी के एक पड़ोसी ने उसके कच्चे घर की तस्वीर ट्विटर पर शेयर कर सोनू सूद को टैग किया। सोनू सूद ने जब उस बच्ची की हालत देखी तो तुरंत मदद करने पहुंच गए। सोनू सूद उस लड़की के परिवार के लिए न सिर्फ घर बनवाया बल्कि आर्थिक सहायता भी की। सोनू सूद से मदद पाकर जहां इस गरीब परिवार की जिंदगी रोशन हो गई, वहीं सोशल मीडिया पर भी वाहवाही होने लगी। क्रिस्टी के परिवार ने बाद में घर का नाम ऐक्टर के नाम पर श्सोनू सूद निवासश् रखा। सोनू सूद ने इसी तरह कई और लोगों की मदद की। ऐसा ही एक किस्सा उस आदिवासी लड़की का है, जिसका सोनू सूद ने घर भी बनवाया और किताबें तक दिलाईं।

# बीबी 15 में नजर आएंगे राखी सावंत के पति रितेश, बोले- वहीं दिखाऊंगा चेहरा

*बिग बॉस ओटीटी के खत्म होते ही मेकर्स अब बिग बॉस 15 की तैयारियों में लग गए हैं। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला यह शो 2 अक्टूबर को प्रीमियर होगा। बिग बॉस 15 के लिए जहां कई सेलेब्स के नाम कन्फर्म किए जाने की खबरें हैं, वहीं कुछ को अप्रोच किया जा रहा है। इसी बीच खबर है कि बिग बॉस 15 में राखी सावंत के पति रितेश भी नजर आएंगे।*





**इसलिए नहीं बने थे बिग बॉस 14 का हिस्सा**

रितेश कुमार से जब पूछा गया कि वह क्यों श्बिग बॉस 14 का हिस्सा नहीं बने तो उन्होंने कहा कि वह अपने बिजनस के कारण शो का हिस्सा नहीं बन सके। वहीं जब उनसे अपनी कोई तस्वीर शेयर करने के लिए कहा गया तो रितेश ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि अब आप मुझे शो में देखेंगे। रितेश बिग बॉस 15 को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। उन्हें होस्ट सलमान खान से भी मिलने का बेसब्री से इंतजार है।

खुद रितेश कुमार ने कन्फर्म की है। रितेश कुमार ने कहा है कि वह बिग बॉस 15 में वाइफ राखी के साथ नजर आएंगे। बता दें कि रितेश का नाम बिग बॉस 14 के दौरान भी चर्चा में आया था। यह तक कहा गया कि वह 14वें सीजन के फिनाले एपिसोड में नजर आ सकते हैं।

**सोशल मीडिया पर करे रहे राखी का बचाव**

बता दें कि रितेश इस वक्त आप नेता राघव चड्ढा और यूपी विधानसभा स्पीकर हृदय नारायण दीक्षित ने को जवाब देने के कारण चर्चा में हैं। इन दोनों नेताओं ने राखी सावंत पर कुछ टिप्पणी की थी। इसके बाद राखी सावंत ने सोशल मीडिया पर कुछ ट्वीट्स का स्क्रीनशॉट शेयर किया था। राखी ने दावा किया था कि ये ट्वीटस उनके पति रितेश ने उनके सपॉर्ट में किए हैं। बिग बॉस 14 में राखी सावंत ने पति रितेश को लेकर कई खुलासे किए थे और वह उन्हें याद कर हमेशा रोती रहती थीं। राखी ने यह तक कहा था कि उन्होंने रितेश से शादी पैसों के लिए की थी। बता दें कि अभी तक राखी के पति रितेश की एक भी तस्वीर पब्लिक डोमेन में नहीं है। राखी ने जब अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं तो उनमें से भी पति को क्रॉप कर दिया था।